Bihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golamber, Nehru Marg, Patna-800001
(Registration No-663/2003)
Website: basabihar.com, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

Shashank Shekhar Sinha
President
Mob. No.- 9334118192

Anil Kumar
General Secretary
Mob. No.- 9431409463

सत्यमेव जयते

Vice President
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

Joint Secretary
Subodh Kumar
7979919465

Gopal Sharan
8210342042

Treasurer
Sunil Kumar Tiwary
9431085120

Joint Treasurer
Mona Jha
9430881025

Memo No 50   Date 22.4.2020

प्रेस–विज्ञप्ति

आज दिनांक 22.04.2020 को टेलिकॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बासा केंद्रीय कार्यकारिणी की आपात बैठक आहूत की गई जिसमें निम्न निर्णय लिए गए:–

(1) सर्वप्रथम बासा द्वारा पूरे प्रदेश में कोरोना वायरस की महामारी एवं खतरे को देखते हुए तथा आमजनों को इस खतरे से उबारने में संघ के सभी सदस्य और ज्यादा मेहनत कर सरकार की नीति को सफल बनाएंगे।

(2) बासा संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी यह मांग करती है कि बिहार के कई जिला पदाधिकारियों द्वारा अंतर्राज्यीय पास निर्गत करने के अधिकार को अन्य पदाधिकारियों को Delegate कर दिया गया है, जो कि Administrative law के सिद्धांत के विरूद्ध है। Power delegation कर देने से कोई भी पदाधिकारी अपने निहित दायित्वों के निर्वहन से मुक्त नहीं हो जाता। संघ ऐसे सभी जिला पदाधिकारियों के विरूद्ध जिन्होंने उक्त शक्ति का प्रयोग करने हेतु अधीनस्थ पदाधिकारियों को नियम के विरूद्ध प्राधिकृत किया है, संघ उनके ऊपर कार्रवाई की मांग करती है।

(3) अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा के द्वारा अंतर्राज्यीय पास निर्गत करने के समदर्शी मामले में अन्य जिला पदाधिकारी यथा मुजफ्फरपुर, पटना, जहानाबाद, भोजपुर, इत्यादि द्वारा भी ऐसे अंतर्राज्यीय पास निर्गत किए गए हैं, अतएव उन पर भी समान कार्रवाई की जानी चाहिए।

2/4

(4) बिहार सरकार के मुख्य सचिव ने अपने पत्रांक–1348 दिनांक–13.04.2020 द्वारा केन्द्रीय गृह सचिव, भारत सरकार को राजस्थान राज्य के कोटा जिले के जिला पदाधिकारी द्वारा अंतर्राज्यीय पास निर्गत के विरूद्ध उन पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। फिर बिहार राज्य के जिला पदाधिकारियों द्वारा जब इस प्रकार का कृत्य किया गया है तो उनके विरूद्ध कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई ?

(5) संघ यह मांग करता है कि समदर्शी मामले में कई जिला पदाधिकारियों द्वारा पास निर्गत किया गया है। उन पर भी कार्रवाई करते हुए उन्हें निलम्बित किया जाए। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो समानता के अधिकार एवं नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सहित पटना जल–जमाव के कारण निलम्बित तीनों पदाधिकारियों का भी निलंबन अविलम्ब वापस लिया जाए।

(6) अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सहित पटना नगर निगम के बासा पदाधिकारियों को अकारण निलम्बित किए जाने के आलोक में दिनांक–24.04.2020 से 03.05.2020 तक संघ के सभी स्तर के पदाधिकारी काला बिल्ला लगा कर पूरे मनोयोग से सरकारी कार्यों का निष्पादन करेंगे।

(7) संघ के आह्वान पर आज बिहार के सभी जिलों में जिला इकाई की बैठक आहूत की जा रही है। सभी जिला इकाई से उनका मंतव्य प्राप्त होने पर दिनांक–04.05.2020 को अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

(8) केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा निर्णय लिया गया कि सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल आज मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग से मिल कर अपना पक्ष सरकार के समक्ष रखेगा।

महासचिव
बासा, बिहार
22/4/2020

अध्यक्ष
बासा, बिहार
22/04/2020